दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू
www.distanceeducationju.in

आंतरिक मूल्यांकन
स्नातकोत्तर हिंदी, सत्रक– प्रथम, शिक्षण सत्र 2026-28

आवश्यक दिशा-निर्देश :-

1. प्रत्येक कोर्स में से तीन असाइनमेंट बनाना अनिवार्य है। दीर्घ असाइनमेंट की शब्द सीमा 450 से 500, लघु की 80 से 100, अतिलघु की 25 से 35 शब्दों तक रहेगी।
2. असाइनमेंट लिखने के लिए एक लाइन शीट का प्रयोग करें। जब एक असाइनमेंट पूर्ण हो जाए तो पृष्ठ छोड़ दें और अगली असाइनमेंट को नए पृष्ठ से आरम्भ करें।
3. असाइनमेंट हस्तलिखित होनी चाहिए और प्रत्येक पृष्ठ पर विद्यार्थी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक कोर्स की अलग फाइल बनाना अनिवार्य है।
5. प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, एनरोलमेंट न., कोर्स संख्या, कोर्स शीर्षक, अपना सम्पर्क न., ई-मेल लिखना अनिवार्य है।
6. असाइनमेंट जमा करने की तिथि **30-11-2026 से 04-12-2026** तक है। अंतिम तिथि के पश्चात् असाइनमेंट स्वीकार नहीं की जाएगी।
7. असाइनमेंट दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र के पी.जी. हिंदी अनुभाग (Hindi Section) में प्रातः 11 बज़े से लेकर शाम 4 बज़े तक जमा होंगी।

नोट:- असाइनमेंट के पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं है। जो विद्यार्थी तय की गयी तिथि के अनुरूप अपनी असाइनमेंट जमा करवाने में विफल होगा, उसे बाह्य परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रो. अंजू शर्मा
कार्यक्रम समन्वयक , स्नातकोत्तर हिंदी
दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

डॉ. पूजा शर्मा
सहायक आचार्य, स्नातकोत्तर हिंदी
दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

कोर्स कोड: HIN-101

शीर्षक: भारतीय काव्यशास्त्र

कुल अंक : 30

असाइनमेंट : 1 **(10x1= 10)**

अलंकार सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य और उनकी स्थापनाओं पर विचार कीजिए।

अथवा

वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य और उनकी स्थापनाओं पर प्रकाश डालिए।

असाइनमेंट : 2 **(5x2= 10)**

1. काव्य के स्वरूप का परिचय दीजिए।

   अथवा

   काव्य-प्रयोजन का अर्थ स्पष्ट करते हुए मम्मट द्वारा निरूपित काव्य-प्रयोजनों की व्याख्या कीजिए।

2. रस-निष्पत्ति सूत्र विषयक भट्टलोल्लट के मत की व्याख्या कीजिए ।

   अथवा

   भट्टनायक के साधारणीकरण विषयक मत पर प्रकाश डालिए।

असाइनमेंट : 3 **(2½x4= 10)**

1. महाकाव्य किसे कहते हैं?
2. 'रीति' विषयक विश्वनाथ की स्थापना क्या है?
3. अलक्षणीयातावादी आचार्यों के ध्वनि विषयक मत को स्पष्ट कीजिए।
4. अभिनवगुप्त ने कौन-से सात रस-विघ्नों की चर्चा की है।

कोर्स कोड: HIN-102

शीर्षक: हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल तक)

कुल अंक : 30

असाइनमेंट : 1 **(10x1= 10)**

हिन्दी साहित्येतिहास पुनर्लेखन की समस्यायों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

आदिकाल की परिस्थितियों पर प्रकाश डालें।

असाइनमेंट : 2 **(5x2= 10)**

1. सन्तकाव्य धारा की किन्हीं पाँच विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

   अथवा

   कृष्णकाव्य धारा की किन्हीं पाँच विशेषताओं पर चर्चा कीजिए।
2. रीतिकालीन कलात्मक एवं धार्मिक परिस्थितियों को स्पष्ट करें।

   अथवा

   रीतिकालीन रीतिबद्ध धारा को स्पष्ट कीजिए।

असाइनमेंट : 3 **(2½x4= 10)**

1. 'इतिहास' के व्युत्पत्तिगत अर्थ को स्पष्ट कीजिए।
2. हज़ारीप्रसाद द्विवेदी ने हिंदी साहित्य के प्रथम काल को आदिकाल नाम क्यों दिया?
3. भक्तिकालीन सूफी काव्य धारा से क्या तात्पर्य है।
4. रीतिकालीन कवियों में प्रतियोगिता की भावना को स्पष्ट करें।

कोर्स कोड: HIN-103

शीर्षक: प्राचीन एवं भक्तिकाव्य

कुल अंक : 30

असाइनमेंट : 1 **(10x1= 10)**

पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

विद्यापति 'पदावली' की काव्य-भाषा का विश्लेषण करें।

असाइनमेंट : 2 **(5x2= 10)**

1. कबीर की 'ब्रह्म' विषयक स्थापना को स्पष्ट करें।

   अथवा

   समासोक्ति के मूलभूत तत्त्व के सन्दर्भ में 'पद्मावत' पर चर्चा करें।

2. सूरदास की भक्ति-भावना पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

   अथवा

   तुलसी काव्य के भाव-पक्ष पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

असाइनमेंट : 3 **(2½x4= 10)**

1. गार्सा द तासी के 'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति विषयक मत को स्पष्ट करें।
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार विद्यापति भक्त कवि हैं या शृंगारी?
3. कबीर काव्य में 'भावनात्मक रहस्यवाद' से क्या तात्पर्य है।
4. अन्योक्ति और समासोक्ति के अर्थ को स्पष्ट करें।

कोर्स कोड: HIN-104

शीर्षक: रीतिकालीन काव्य

कुल अंक : 30

असाइनमेंट : 1 **(10x1= 10)**

केशव के कवित्व पर प्रकाश डालें।

अथवा

घनानन्द की भक्ति-भावना पर विचार कीजिए।

असाइनमेंट : 2 **(5x2= 10)**

1. केशव के अलंकार निरूपण की चर्चा कीजिए।

   अथवा

   बिहारी काव्य के भाव-पक्ष पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

2. घनानन्द की अलंकार-योजना पर लेख लिखिए।

   अथवा

   वृन्द-काव्य में व्यक्त वीर रस पर लेख लिखिए।

असाइनमेंट : 3 **(2½x4= 10)**

1. केशव के संवादों में ध्वनि-सौन्दर्य पर विचार करें।
2. बिहारी के आयुर्वेद ज्ञान का स्पष्टीकरण करें।
3. घनानन्द-काव्य में व्यक्त शृंगारिकता पर शुक्ल का मत स्पष्ट करें।
4. नीतिकाव्य किसे कहते हैं?